संक्षिप्त

कानाराम तहसील अध्यक्ष नियुक्त

कोटपूतली, (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा जयपुर उत्तर के अध्यक्ष प्रभुदयाल सराधना ने ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी कानाराम कसाना को कोटपूतली तहसील अध्यक्ष पद पर आगामी तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया है।

तीन बीघा जमीन से हटाया कब्जा

अलवर, (निसं)। बानसूर तहसीलदार जगदीश बैरवा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने राजस्व गांव बानसूर में बडी कारवाई करते हुए पुलिस उपअधीक्षक कार्यालय के लिए आवंटित तीन बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाकर पुलिस विभाग को सुपूर्द किया है। तहसीलदार जगदीश बैरवा ने बताया कि गत वर्ष बानसूर में पुलिस उपाधीक्षक पद का सृजन होकर पुलिस उपाधीक्षक की नियुक्ती की गई थी। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के लिए भवन का अभाव होने के कारण वर्तमान में कार्यालय पुरानी पुलिस चौकी में चल रहा है। पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा की ओर से पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के लिए भूमी आवंटन की मांग पर जिला कलेक्टर की ओर से पिछले माह पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि आवंटित की गई थीं। आवंटित जमीन पर आसपास के गांव वालों ने जमीन पर कब्जा कर रखा था, जिस पर तहसीलदार ने राजस्व टीम और पुलिस जाब्ते की सहायता से जमीन से कब्जा हटाकर पुलिस विभाग के सुपूर्द किया गया।

नवीनीकृत घाटों का लोकार्पण

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के बाणगंगा धाम पर स्काउट्स द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर बाणगंगा धाम के नवीनीकृत घाटों के लोकार्पण समारोह कार्यक्रम महामंडलेश्वर जसवन्तपुरा से भीवांदास महाराज, कालाकोटा से बलदेवदास महाराज, त्रिवेणी से बलरामदास महाराज, मैड झुमका मन्दिर से राघवेन्द्रदास महाराज के कर कमलो व जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक डॉ. फूलचन्द भिण्डा, सामाजिक कार्यकर्ता रानी रतना कुमारी की उपस्थिति में घाटों का लोकार्पण किया गया। जिसमें स्काउट से सचिव फूलचन्द मीणा, लीडर ट्रेनर बंशीधर शर्मा, अभयसिंह शेखावत, हीरालाल स्वामी, रामगोपाल सैनी, गणपत लाल शर्मा, विक्रम कुमार कुभावत, चन्द्रपाल, कमलेश स्वामी उपस्थित रहे।

ट्रोली पलटने से एक की मौत

निवाई, (निसं)। गांव पहाडी कट के समीप शनिवार की दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे हुए एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। बरोनी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि शनिवार को निवाई से छोटे ट्रैक्टर में लोहे के सरियें भरकर पहाडी गांव की जा रहे ट्रैक्टर के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर खाई में जा गिरा और ट्रॉली पलट गई। एम्बुलेंस से घायलों सीएचसी निवाई लेकर गए जहां चिकित्सकों ने छुट्टन खां पुत्र हुसैन खां उम्र 72 वर्ष निवासी रजवास को मृत घोषित कर दिया। तथा गंभीर घायल हुए बाबू खां पुत्र छीतर खां उम्र 65 वर्ष निवासी हाडीकला बरोनी को सआदत अस्पताल टोंक रेफर कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

मालपुरा, (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने न्यायालय एमजेएम के फरार स्थाई वारंटी को झिराणा से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार एवं एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान के निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम ने शनिवार को जरिए मुखबीर की सूचना पर न्यायालय एमजेएम मालपुरा के फरार चल रहे वांछित अपराधी रामसिंह पुत्र रंगलाल जाट निवासी प्रतापपुरा को झिराणा से गिरफतार किया।

शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, चोरी, नकबजनी, जुआ- सट्टा, अवैध शराब की बिक्री आदि पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने जानकारी देते हुए बताया कि सीताराम कुमावत पुत्र लादूराम कुमावत 47 वर्ष निवासी जगमालपुरा थाना क्षेत्र फुलेरा को शांतिभंग करते हुए गिरफ्तार किया है।

मानसिक रूप से परेशान शिक्षक ने फांसी लगाई

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा उपखंड क्षेत्र के बनेठा कस्बें में एक अध्यापक ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना के बाद पुलिस मय जाब्ते मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारिकियों से निरिक्षण किया।

बनेठा एएसआई बालकिशन शर्मा ने बताया कि बनेठा कस्बा निवासी हेमराज (32) पुत्र लालचंद रैगर सवाई माधोपुर जिले की सरकारी स्कूल में थर्ड ग्रेड अध्यापक के रूप में पोस्टेड था। फिलहाल वह छुट्टियों पर अपने गांव आया हुआ था। देर रात तक दोनों पति-पत्नी ने आपस में बातचीत की। थोडी देर बाद पत्नी को नींद आने पर उसने दूसरे कमरे में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब हेमराज की पत्नी उठी तो वह कमरे में फंदे से झूलता हुआ मिला। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मय जाब्ते मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर अपने कब्जे में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वही पुलिस ने बताया कि हेमराज पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे।उसके अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मृतक द्वारा आत्महत्या का कदम उठाने के बाद माता पिता का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। मृतक द्वारा फांसी लगाने की खबर मिलते ही समूचे मौहल्ले में शोक की लहर छा गई और लोगों की भीड एकत्रित हो गई।

■ पुलिस टीम मौके पर पहुंची, एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए

शिक्षक की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

कौशल विकास प्रशिक्षण 17 से

मंडावरी, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स स्थानीय संघ लालसोट के तत्वावधान में लालसोट महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय डिडवाना, होली फ्यूचर वर्ल्ड एकैडमी मंडावरी और ग्राम पंचायत भवन श्यामपुरा कला में 17 मई से 30 जून ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार के आदेश स्काउट मुख्य जिला आयुक्त ओम प्रकाश शर्मा ने जारी किये जिसमें विद्यार्थियों के लिये राज्य सरकार की नीति के तहत श्रम के प्रति रुचि जागृत करने के लिये सम्पूर्ण ग्रीष्मकाल में स्वयं की रुचि को उन्नत करने एवं नया कौशल विकसित करने हेतु शिविरों का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि बालिका कार्यक्रमों की श्रृंखला में महात्मा गाँधी विधालय डिडवाना में संचालक प्रिन्सिपल सोनिया व्यास रहेंगी तो मंडावरी में शिविर संचालक स्थानीय संघ के सहायक सचिव गौरव ग़ोयल रहेंगे। इसी प्रकार श्यामपुरा में शिविर संचालक रामकेश माली होंगे ।उन्होंने बताया कि समर कैम्प में स्काउट गाइड से 150 रुपए एवं अन्य विद्यार्थियों से 250 रुपए शुल्क लिया जाएगा । कैम्प की समाप्ति पर सभी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं उच्च कौशलधारी बालिकाओं के उच्च स्तर पर प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

आवासीय बस्ती व कॉलोनियों में शराब ठेके बंद करे सरकार : रईसा

अलवर, (निसं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की जिला उपाध्यक्ष रईसा एवं दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के जिला संयोजक एडवोकेट बीएल वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अलवर शहर में चल रहे शराब ठेकों के खिलाफ धरनों में शामिल होकर संगठनों की तरफ से समर्थन, सहयोग एवं एकजुटता प्रकट की।

प्रतिनिधिमंडल में डीएसएमएम प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा, आल इंडिया लॉयर्स यूनियन के जिला संयोजक एडवोकेट शब्बीर खान, लेखराज पांचाल और मनोज आर्य भी शामिल थे। आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए रईसा ने आक्रोश प्रकट किया कि शराब ने आमजन की जिंदगी तबाह कर रखी है। इसलिए सरकार और प्रशासन से हमारी पुरजोर मांग है कि आवासीय बस्ती और कॉलोनियों में शराब के ठेके नहीं खोले जाए। आंदोलनकारियों को पुलिस प्रताड़ित नहीं करे। डीएसएमएम के प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा ने बताया कि करीब एक सप्ताह से शहर में साठ फीट रोड तथा स्वर्ग रोड पर खुले शराब के ठेकों के आगे बैठकर आंदोलनकारी विशेषकर महिलाएं शराब के ठेकों को आवासीय इलाकों से कहीं दूसरी जगह दूर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं।

आंदोलनकारी जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर ठेके हटवाने की मांग कर चुके हैं। एडवोकेट शब्बीर खान ने कहा कि दोनों स्थान पर शराब की दुकान के 200 मीटर की परिधि में किराना की दुकान, स्कूल, धर्मस्थल, सार्वजनिक पानी की टंकी स्थित हैं जो कि गैरकानूनी है। एडवा प्रशासन और सरकार से पुरजोर मांग करती है कि इन शराब की दुकानों को तुरंत हटाकर आमजन के जीवन को बचाने का जनहितैषी कार्य करें।

अलवर सांसद ने प्राकृतिक खेती से जुड़ने का आव्हान किया

अलवर, (निसं)। अलवर संसदीय क्षेत्र तिजारा स्थित विभिन्न ग्रामों में सांसद महंत बालक नाथ ने ग्राम चौपालों में उपस्थित रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों भाइयों के हित के लिए की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती से जुडने का आव्हान किया।

सांसद महंत बालक नाथ योगी ने कहा भाजपा सरकार के कार्यकाल में बीज से लेकर बाजार तक हर तरह से किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं को प्रारंभ किया है। इसी के साथ प्राकृतिक खेती को आगे बढाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेकों बार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच से आव्हान किया जा चुका है। तिजारा में ग्राम चौपाल मुण्डाना सहित अन्य ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपालौ को संबोधित करते हुए अलवर सांसद ने कहा केमिकल मुक्त प्राकृतिक खेती से ना केवल स्वास्थ्य अच्छा होगा बल्कि किसानों को आय मैं भी कई गुना वृद्धि हो सकती है। कोरोना संक्रमण काल के बाद विश्व स्तर पर प्राकृतिक खेती के लिए कई बडे उद्योगपति सामने आए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मिशन की अगुवाई करते हुए प्राकृतिक खेती को आगे बढाने का मंत्र किसान भाइयों को दिया है। सांसद ने बताया कि तिजारा के ग्राम पंचायत ईसरोदा में इस दौरान विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया साथ ही ग्रामीणों का सम्मान और आतिथ्य सत्कार के लिए आभार भी प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे कार्यों से किसानों में आत्मविश्वास बढा है इसी के कारण आज किसान भाइयों से उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। सांसद ने बताया कि ग्राम चौपालों का आयोजन लुहादेरा, बिरामपुर, हिंगवाहेडा, शाहबाद, राईखेडा भिंडुसी इत्यादि पंचायतों में किया गया। वही कल अलवर सांसद कार्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

■ 'केमिकल मुक्त प्राकृतिक खेती से किसानों की आय कई गुना बढ़ेगी'

अतिरूद्र महायज्ञ पूर्णाहुती में अल्का सिंह ने शिरकत की

मालपुरा, (निसं)। टोरडी सागर स्थित मोहिनी गिरी पर्वत की कन्द्राओं मे गुदडजी महाराज का धुणा पंचकुण्डा में बाबा मोतीगिरी महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुण्डीय अतिरूद्र महायज्ञ पूर्णाहुती समारोह में शिरकत करने पहुंची भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर का अविकानगर जैन फार्म हाऊस पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि कुमार जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य व पार्षद डॉ. अंकित जैन, एडवोकेट रमेश पारीक, पूर्व प्रधान सोनी देवी गुर्जर, रामसहाय वर्मा निवाई, रामचन्द्र नामा, सुश्री शशि जैन सहित मौजूद भाजपाईयों ने गर्मजोशी से स्वागत कर चुन्दडी ओढाई।

फार्म हाऊस पर मिडिया से मुखाबित होते हुए राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए बीते दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सात राज्यों मे हुई साम्प्रदायिक तनाव की जांच के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी गई चुनौती के बयान को हास्यापद बताते हुए कहा कि यह बयान कांग्रेस सरकार की विफलताओं को सिद्ध कर रहे है। तीन साल के शासन में गहलोत ने प्रदेश में विकास के नाम पर कोई उपलब्धि हासिल करना तो दूर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाये रखने में ही पूर्ण विफल रहे है। टोरडी पहुंच नवदिवसीय 108 कुण्डीय अतिरूद्र महायज्ञ पूर्णाहुति हवन कुण्ड में आहुती दे पूण्य अर्जित करते हुए बाबा मोतीगिरी महाराज का चरण वंदन कर आर्शीवाद लिया। इस दौरान मौजूद दिव्य सिद्ध संत महात्माओं से भी आर्शीवाद लिया।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर का अविकानगर जैन फार्म हाऊस में भाजपाईयों ने चुन्दडी ओढ़ा स्वागत किया।

मंत्री कल्ला की जनसुनवाई में पालिकाध्यक्ष ने सुनाई समस्या

किशनगढबास, (निसं)। प्रभारी व सरकार में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला शनिवार को जन सुनवाई करने के लिए किशनगढबास पहुंचे। प्रभारी मंत्री की जनसुनवाई में ईओ की तानाशाही और मनमानी को लेकर शिकायत करने पहुंची भाजपा की पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल मंत्री को अपना दुखडा सुनाती इससे पहले ही विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हल्ला कर उल्टे पालिका अध्यक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप जड दिए। अध्यक्ष बोली कि इसी तरह हल्ला मचाकर मुझे दबाया जाता रहा है। भ्रष्टाचार कौन करा रहा है किसके इशारे पर हो रहा है जांच करा लें, पता चल जाएगा।

करीब डेढ़ घंटे चली मंत्री की जनसुनवाई में नगर पालिका अध्यक्ष से मंच पर बैठने तक के लिए किसी ने नहीं कहा और अध्यक्ष मंत्री से अपनी पीडा कहने के लिए एक आम नागरिक की तरह मंच के सामने लगी कुर्सी पर बैठी रही। जन सुनवाई के बाद जाते वक्त मंत्री ने अध्यक्ष के साथ बैठकर समस्या को सुना तो अध्यक्ष ने कहा पालिका में मेरी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। अधिकारी कार्मिक मनमानी कर रहे हैं। जनसुनवाई में अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे और गंज रोड पर गंदे पानी निकासी के नालों पर हो रहे अतिक्रमण के चलते सडक पर बह रहे गंदे पानी से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर शिकायत की और कहा नगर पालिका अतिक्रमण हटाने के नाम पर नोटिस का खेल खेल रही है।

अधिवक्ताओं ने कहा यह समस्या अकेले गंज रोड की नहीं है इसी प्रकार अलवर तिजारा खैरथल रोड व जोहड पर अतिक्रमण से बनी हुई है। मंत्री ने अधिवक्ताओं को आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया, जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत प्रधान बीपी सुमन पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव पूर्व सरपंच अजय चौधरी राजेंद्र सिंघल अतिरिक्त कलेक्टर प्रथम अखिलेश कुमार पीपल अतिरिक्त कलेक्टर शहर ओमप्रकाश सहारण आदि मौजूद रहे।

युवक का शव मिलने से सनसनी

टोंक, (निसं)। जिले के पीपलू उपखंड क्षेत्र के मूंडिया चौराहे पर शुक्रवार देर शाम को कुरेडा के 42 वर्षीय छाजूलाल का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पीपलू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार को सआदत अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

परिजनों ने इस मामले में हत्या का अंदेशा जताते हुए पीपलू थाने में मुकदमा दर्ज कराया है, साथ ही मामला दर्ज करके पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मामले की जांच कर रही पीपलू पुलिस उपाधीक्षक इन्दु लोदी ने बताया कि मृतक के भाई धूलचंद पुत्र भागीरथ मीणा निवासी कुरेडा ने पीपलू थाने में दी रिपोर्ट में कहा कि उसके भाई छाजूलाल को देवरी निवासी सहायक पंचायत सचिव रामराय एवं जवाली निवासी पूर्व सरपंच का पति रवि यादव शुक्रवार शाम को करीब 6 बजे अपने साथ मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले गए थे। करीब 7.45 पर उसके भतीजे के फोन पर किसी ने सूचना दी कि छाजूलाल का शव मूंडिया चौराहा के पास सडक किनारे पडा है। सूचना पाकर इस परिवार के लोग मौके पर पहुंचे साथ ही पीपलू पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया है। पीपलू पुलिस थाने के एसआई देवराज सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पीपलू थाने में हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी, साथ ही इस मामले की जांच पीपलू सीओ कर रही हैं।

■ पीपलू थाने में हत्या की रिपोर्ट दी

युवक की हत्या मामले में पुलिस ने मौकास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

तहसीलदार की समझाइश से दाह संस्कार हुआ

निवाई, (निसं)। गांव किवाडा की श्मशान भूमि में दाह संस्कार में रूकावट की सूचना पर तहसीलदार प्राजंल कंवर मौके पर पहुंची और श्मशान भूमि में दाह संस्कार का विरोध करने वाले लोगों को समझाकर दाह संस्कार करवाया। तहसीलदार प्राजंल कंवर ने बताया कि शनिवार को किवाडा में गोपी बैरवा पुत्र मांगीलाल बैरवा का स्वर्गवास हो गया है। दाह संस्कार के लिए खसरा नंबर 772 में से एक बीघा श्मशान भूमि पर जब दाह संस्कार किया जाने लगा तो मौजूद हरिनारायण पुत्र हरदेवा बैरवा एवं उसके पुत्र व पुत्रवधु द्वारा विरोध किया व उन्होंने दाह संस्कार के लिए लाई गई लकडियों को वहां से फेंक दिया। जबकि उक्त जमीन को तहसीलदार के आदेशानुसार श्मशान भूमि का सीमा ज्ञान कर ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दी गई थी। शनिवार को दाह संस्कार का विरोध करने वाले परिवार को तहसीलदार ने समझाकर शांतिपूर्वक दाह संस्कार करवाया। इस दौरान तहसीलदार ने हरिनारायण बैरवा और उसके पुत्र को भविष्य में श्मशान भूमि में अतिक्रमण नहीं करने तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की भी चेतावनी दी।

सार-समाचार

बैग में चीरा लगाकर दो लाख रुपये चुराने वाली महिला गिरफ्तार

बहरोड/भिवाडी, (निसं)। भिवाडी थाना पुलिस ने बैग में चीरा लगाकर 2 लाख रुपये चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला को 1 लाख 90 हजार की बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया। शांति देवी पत्नी श्यामलाल निवासी त्यागी कॉलोनी नारायण विहार आकेडा जिला रेवाडी अपनी बेटी के साथ मिलकपुर के इंडियन ओवरसीज बैंक से 2 लाख निकालकर टेंपो से भिवाडी मोड तथा वहां से नीलम चौक हेतू दूसरा टेंपो लिया व नीलम चौक उतरने पर बैग में कट लगा मिला और राशी गायब मिली। महिला ने मामला थाने में दर्ज करवाया। इस पर भिवाडी थाना पुलिस ने घटना पर कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार हेड कांस्टेबल कविता व वर्षा तथा उप निरीक्षक इंद्रभान इंचार्ज ने पुलिस टीम के साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला चोर की सूचना संकलित की व मुखबिरी की मदद से गठित टीम ने कार्यवाही करके प्रेम पत्नी सतपाल जाति बावरिया निवासी मसीत थाना टपूकडा जिला अलवर को बैग में चीरा लगाकर चोरी करने वाली गैंग की सदस्य पर कार्यवाही कर 190000 बरामद कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। इस दौरान गठित टीम ने सादा कपडों में आरोपी के निवास स्थान का पता लगा मोबाइल नंबर प्राप्त कि व मोबाइल लोकेशन के अनुसार महिला प्रेम को काफी तलाश किया। इस दौरान चोर महिला पुलिस को देख टेंपो के पीछे छुपते दिखाई दी। इस पर टीम ने महिला को दस्तयाब कर नाम पता पूछा व चोरी गई रकम 2 लाख में से 1लाख 90 हजार बरामद किए व अन्य वारदातों हेतु पूछताछ की जा रही है।

पावटा में पेयजल की विकराल समस्या

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी की विकराल समस्या हो गई है लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। शहर के अनेक हिस्सों में भीषण जल संकट की आहट शुरू हो गई है। आधे से ज्यादा हैण्डपंप दम तोड चुके हैं। यदि सूरज की तपन और बढी तो मई के महीने में जल संकट रौद्र रुप धारण कर सकता है। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों के घर में बोरिंग में लगा हुआ मोटर भी नहीं चल पा रहा हैं। जिसके चलते लोगों को पानी की समस्या हो गई। जिस पर लोगों ने विधायक इंद्राज गुर्जर से संपर्क कर अपने क्षेत्र में हो रहे पानी की समस्या के बारे में जानकारी दी। उनके निर्देशों की पालना मे सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल ने लोगों की समस्या देखते हुए टैंकरो से कॉलोनी, वार्डो में पानी भेजा। गोपाल अग्रवाल ने कहा कि एक सप्ताह से प्रत्येक दिन लगभग 4-5 स्थानों में पानी का वितरण किया जा रहा है। वही उन्होंने बताया कि निशुल्क पेयजल का वितरण जारी रहेगा जिसके लिए कही भी पानी की समस्या हो तो मुझसे संपर्क कर सकते है। वही पावटा जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर का कहना है कि विभाग द्वारा रोज 7 टैंकर जरूरत के हिसाब से व जहाँ सप्लाई की दिक्कत हो, जहाँ पानी का प्रेशर कम हो टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है।

शंकरलाल सभाध्यक्ष व नाथूलाल महामंत्री

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी एवं जिला अध्यक्ष अनिल भारद्वाज की सहमति के बाद श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चंद्र नापित व ब्लॉक मंत्री श्रवण कुमार सैनी ने श्रीमाधोपुर ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया है। नापित व सैनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर प्रसाद शर्मा को सभाध्यक्ष, लालचंद गुर्जर को उपाध्यक्ष, रामानंद शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार शर्मा को वरिष्ठ उपाध्याय प्रतिनिधि, संतोष कुमार शर्मा को प्रवेशिका प्रतिनिधि, अशोक कुमार वर्मा अजमेरी को उच्च प्राथमिक प्रतिनिधि, कालूराम सैनी को प्राथमिक प्रतिनिधि, हिनाक्षी शर्मा को महिला प्रतिनिधि, वीरेंद्र कुमार वर्मा को संगठन मंत्री, नाथूलाल शास्त्री को महामंत्री नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी के गठन पर सभी पदाधिकारियों ने अध्यक्ष एवं मंत्री का आभार प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाडी एवं जिला अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

विवाह सम्मेलन में जोड़ों का सम्मान

टोंक, (निसं)। टोंक सदर माली सैनी समाज के तत्वाधान में 26वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड यूथ टोंक के पदाधिकारियों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के बंधन में बनने वाले सभी वर-वधु को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले, भारत की प्रथम शिक्षिका महिला माता सावित्रीबाई फुले की प्रत्येक जोडों को सम्मानित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन टोंक सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड महापुरुषों के सम्मान में हमेशा खडी रहेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टोंक यूथ जिलाध्यक्ष अजय सैनी सांखला, कोषाध्यक्ष खेमचंद सैनी, पूर्व जिला महामंत्री नवरत्न सैनी, यूथ शहर अध्यक्ष सुनील सैनी सांखला, शहर उपाध्यक्ष हनुमान सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य गणेश नारायण सैनी, सदस्य विक्रम सैनी, कार्यकारिणी सदस्य हेतराम सैनी, कमलेश सैनी, राज सैनी, सदस्य सत्य प्रकाश सैनी, जीतराम हलसोरा, जिला प्रवक्ता राकेश सैनी सहित अनेक पदाधिकारियों ने सम्मानित किया गया।

प्रवेश के लिए निकाली लॉटरी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम श्रीमाधोपुर में शनिवार को विभागीय निर्देशों की पालना करते हुए प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली गई । ब्लॉक नोडल प्रभारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड की अध्यक्षता में प्रथम कक्षा की 30 रिक्त सीटों हेतु लॉटरी निकाली गई। आवेदन करने वाले 30 से अधिक शेष विद्यार्थियों की प्रतीक्षा सूची बनाई गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा ने बताया कि लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों को 1 जुलाई 22 तक दस्तावेज जमा कराने हैं। लॉटरी के पश्चात् एसडीएम राठौड ने पूर्व में अध्ययनरत विद्यार्थियों की माताओं और एसएमसी व एसडीएमसी की महिला सदस्यों से विद्यालय की शैक्षिणक व सह शैक्षिणक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर एसएमसी एसडीएमसी के सदस्य, अभिभावक और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

मूर्ति का अनावरण समारोह

बोराज, (निसं)। कस्बे के बोबास सडक मार्ग पर प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर क्षेत्र के किसान नेता स्वर्गीय भवंरलाल जाखड की आदमकद मूर्ति का अनावरण समारोह आयोजित हुआ। अनावरण समारोह मे मुख्य अतिथि दादू पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज व अजमेर लोकसभा सांसद भागीरथ चौधरी के द्वारा विधि विधान व मंत्रोचार के साथ आर्चाय कृष्ण अवतार शर्मा ने मूर्ति का अनावरण करवाया। विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख रमा चोपडा, पंचायत समिति मोजमाबाद प्रधान उगन्ता सुकुरिया, पुर्व दूदू विधायक प्रेमचन्द बैरवा, पूर्व दूदू प्रधान रामेश्वर प्रसाद कडवा, सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा, पूर्व सरपंच प्रेमचन्द टेलर, राजपूत ईकाई अध्यक्ष शंकरसिंह शेखावत ने मूर्ति स्थापना समारोह मे भाग लिया व किसान नेता जाखड की मूर्ति को माला पहनाई।

बेजुबानों के लिए लगाये परिंडे

कोटपूतली, (निसं)। पनियाला थाने में थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए शनिवार को बेजुबान परिन्दों के लिए पानी के परिन्डे लगाये गये। सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा बनेठी ने बताया कि भीषण गर्मी में कोई भी बेजुबान पक्षी भुखा या प्यासा ना रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए पंछियों के निरन्तर दाना पानी की व्यवस्था किये जाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रदीप कुमार शर्मा, जितेंद्र सिंह तंवर, प्रिंस शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गैंगरेप का एक आरोपी गिरफ्तार

नारायणपुर, (निसं)। थाना इलाके में दलित युवती के साथ 11 मई को हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। डीएसपी आदित्य पूनिया ने बताया कि गैंगरेप का आरोपी श्यामसुंदर (21) उर्फ श्याम जाट निवासी विजयपुरा को अलवर से गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा। वही पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

बाबा श्याम के दर्शन किये

रींगस, (निसं)। इंदौर हवाई अड्डे के महाप्रबंधक जुगल किशोर नामदेव ने सपरिवार बाबा श्याम के दर्शन किये। रींगस के प्राचीन श्याम मंदिर में श्याम सेवक मानसिंह व गजेन्द्र सिंह ने बाबा की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद में नामदेव को श्याम नाम का दुपट्टा व श्याम प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद नामदेव सपरिवार खाटू श्यामजी के दर्शन किये। गोविन्द शर्मा व अनिल बलौदा ने उन्हे बाबा की महिमा बताई।